casting scenario because of increased international satellite broadcasting in this part of the world. The details in this regard are being finalised. No specific time frame can be indicated at present.

स्थानीय रेडियो स्टेशनों की स्थापना किया जाना

238. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पर्याप्त संख्या में स्थानीय रेडियो स्टेशनों की स्थापना किये जाने की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि में अब तक इस दिशा में क्या कदम उठाये गये है; और

(ग) उक्त योजना अवधि के लिए राज्यवार क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) देश में स्थानीय रेडियो स्टेशनों से संबंधित 59 स्कीमों का विभिन्न स्तरों पर कार्यान्वयन किया जा रहा है। स्थानीय रेडियो स्टेशनों की 44 स्कीमें चालू सातवीं योजना और वार्षिक योजनाओं का हिस्सा है और 15 स्कीमें नई हैं। विभिन्न राज्यों में 38 रेडियो स्टेशन चालू कर दिए है। राज्यवार प्रयोजनाओं की स्थिति विवरण में दी गयी है।

विवरण

राज्य	स्थान जहां पर चालू किया	वे स्थान जहां कार्यान्वयनाधीन है
1	2	3
आन्ध्र प्रदेश	कुरनूल मरकापुरम	मकरेला
अरूणाचल प्रदेश		जीरो
असम	हाफलोंग नौगांव	दीफू
बिहार	पुर्णिया चाईबासा हजारीबाग डाल्टनगंज	
गुजरात		वडोदरा हिम्मतनगर
हरियाणा		हिसार
हिमाचल प्रदेश	हमीरपुर	चम्बा
जम्मू और कश्मीर	पूंछ	
कर्नाटक हॉसपेट	हॉसपेट रायचुर कारवार	बीजापुर

1	2	3
केरल		मंजेरी
मध्य प्रदेश	बालाघाट	सरईपल्ली
	रायगढ़	मण्डला
	गुना	राजगढ़
	सागर	
महाराष्ट्र	नाशिक	उस्मानाबाद
	अकोला	मालवां
	यवतमाल	
	सतारा	
	चन्द्रपुर	
	धुले	
मणिपुर		चुराचांदपुर
मेघालय		जोवई
नागालैण्ड		मोकोकचुंग
उड़ीसा	बहरामपुर	सोरो (बालासोर)
	बोलंगिर	रायरंगपुर
	राऊरकेला	
	पुरी	
	जोरान्डा	
पंजाब	पटियाला	
राजस्थान	सवाई माधोपुर	
	मालावाड़	
त्रिपुरा	कैलाशहर	धर्मनगर
	बैलोनिया	
उत्तर प्रदेश	बरेली	
	फैजाबाद	
	झांसी	
पश्चिम बंगाल		शांतिनिकेत
संघ शासित क्षेत्र		
दमन और दीव	दमन	
पांडिचेरी	कराईकल	
	38 +	21 = 59